# दिनांक 23.12.2025 को जिलाधिकारी, महोदय, प्रयागराज की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज की अध्यक्षता में दिनांक 23.12.2025 को DWSM की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुये :-

**1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।**
**2–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**3–सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**4–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।**
**5–समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**6–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।**
**7–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।**
**10–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।**
**11–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0, अहमदाबाद।**
**13–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।**
**14–अन्य अधिकारी गण (जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य)।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की निम्नलिखित बिन्दुओ की समीक्षा की गयी:-

**1–भूमि की उपलब्धता :**

जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य हेतु जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि 12 स्थान पर स्थानीय अवरोध व 06 स्थान पर भूमि अनुपलब्ध होने के कारण कब्जा नहीं मिल पा रहा है। जिसके सम्बन्ध में जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से जिन 18 स्थान पर भूमि के कब्जे में विवाद है 26 दिसम्बर के बाद उपजिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग कराकर समस्या का निराकरण कराये व अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराये।

**2–जल जीवन मिशन फेज–2 में कार्यरत मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के कार्यों की समीक्षा–**

जनपद में फेज–2 के कार्य मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, चेन्नई द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें 664 नग पेयजल योजना का निर्माण किया जाना है।

- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 664 स्कीम के सापेक्ष 643 नलकूप 427 पम्प हाउस और 220 OHT का कार्य पूर्ण हो गया है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को स्पष्ट निर्देश दिए गये कि 42 योजनाए जिनकी प्रगति 90% से ऊपर है उनको जनवरी 2026 तक 100% पूर्ण करा ले तथा साथ ही 113 योजनाए जिनकी प्रगति 80% से ऊपर है उन्हें मार्च 2026 तक 100% पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 1627 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 650 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।

**3–"जल जीवन मिशन फेज–4 में सतही स्रोत ग्राम समूह पेयजल योजनाओं (यमुना तथा गंगा) के कार्यो के समीक्षा–**

**(अ) सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना**–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा कराया जा रहा है।

- डी0 पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 69 प्रतिशत, WTP का कार्य 80 प्रतिशत और OHT का कार्य 74 के सापेक्ष 24 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- डी0 पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, को निर्देशित किया गया कि इन्टेक वेल के कार्य में तेजी लाये व प्रगति 80 प्रतिशत से ऊपर ले जाए तथा जिन OHT की प्रगति 75 प्रतिशत से ऊपर है, उसे जनवरी 26 तक 100 प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 854 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 250 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।

**(ब) सतही स्रोत (गंगा) ग्राम समूह पेयजल योजना**–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 62 प्रतिशत, WTP का कार्य 80 प्रतिशत और OHT का कार्य 115 के सापेक्ष 16 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।

Scanned with OKEN Scanner

- पी0 एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया किइन्टेक वेल के कार्य में तेजी लाये व प्रगति 80 प्रतिशत से ऊपर ले जाए और जिन OHT की प्रगति 75 प्रतिशत से ऊपर है, उसे जनवरी 26 तक 100 प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 1420 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 366 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।

4–सड़क पुर्नस्थापना–

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 98.83 % पूर्ण कराया जा चुका है। जिसमें मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 98.96 % मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान 98.60 % मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद 98.53 % द्वारा कार्य पूर्ण किया जा चुका है, मेसर्स एल0 एण्ड टी0 द्वारा 40 किमी0 रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण कराना शेष है, परन्तु उक्त का मोटरेबल करा दिया गया है।

- टी0एल0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा सत्यापित कराये गये ग्रामों में पुनः टीम लगाकर सत्यापन कराना सुनिश्चित करें और अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), के भी संज्ञान में लाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

5–टी0पी0आई0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,प्रयागराज।

- जल जीवन मिशन के कार्यो के गुणवत्ता हेतु नामित टी0पी0आई0ए0 मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0, प्रयागराज के टी0एल0 द्वारा बताया गया कि कुल 16885 नग एन0 सी0 जारी हुए थे जिसके सापेक्ष 90–95 प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है। टी0एल0 टी0पी0आई0ए0 को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं का लगातार अपनी टीम से व स्वयं भ्रमण करते रहे, कही भी गुणवत्ता व रोड रेस्टोरेशन के अपूर्ण होने की सूचना न प्राप्त हो इसे प्राथमिकता के आधार पर फर्मो से सम्पर्क कर कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए।

6–अन्य बिन्दु–

- पी0एम0 मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा द्वारा अवगत कराया गया कि उनको 234 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं (568 राजस्व ग्राम) का संचालन एवं रख रखाव हेतु आवंटित किया गया है जिसमें से 171 नग (453 राजस्व ग्राम) योजनाओं का अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है एवं अवशेष 63 नग अनुबन्ध गठन की कार्यवाही प्रगति पर है। उक्त योजनाओं का सर्वेक्षण एवं प्राक्कलन बनाकर मुख्यालय स्वीकृति हेतु प्रेषित कर दिया गया है तथा उपरोक्त योजनाओं का संचालन एवं रख रखाव किया जा रहा है। पी0एम0 मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र से लगातार लीकेज और मोटर खराब होने की शिकायत आ रही है जिसमें लीकेज की समस्या को 2–3 दिन और मोटर खराब की समस्या को 3–7 दिन में मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण के समस्त खण्डों को स्पष्ट निर्देश दिए गये कि 31 दिसम्बर 2025 के पूर्व कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें कि जल जीवन मिशन योजनाओं में विद्युत संयोजन किया जाना है वहां कब तक लगेगा तथा जिल जगहों पर पोल शिफ्ट किये जाने है उनकों शीघ्र ही शिफ्ट कराना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), को निर्देशित किया गया कि जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारियों को आख्या प्रस्तुत करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी से पत्र जारी कराये।
- अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि मेसर्स एल0 एण्ड टी0 को आवंटित राजस्व ग्रामों में छूटे हुये तीन राजस्व ग्रामों का संशोधित प्राक्कलन की कार्यवृत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से प्रस्तुत करें।
- अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि ई–जल शक्ति पोर्टल पर ग्रामों में प्रशिक्षण कराये गये 13 नग तकनीकी प्रशिक्षार्थियों के सूची की भिन्नता के निराकरण के लिए अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।
- अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्मो का भुगतान न होने से धीमी प्रगति के कारण फर्मो का भुगतान कराने हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को पत्र भेजवाना सुनिश्चत करें।
- अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि नगर निगम सीमा अन्तर्गत पेयजल योजनाओं का हस्तान्तरण की कार्यवाही महाप्रबन्धक, जलकल नगर निगम से सम्पर्क कर शीघ्र पूर्ण करायें।
- ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) का ई स्वराज आई0डी0 द्वारा जे0जे0एम0 डैशबोर्ड 2.0 पर लागिन किया जाना है। जिसकी वर्तमान तक प्रगति ग्राम प्रधान–227 एवं सचिव–748 कुल 975 है। जिसकी प्रगति बढ़ाने के लिए डी0पी0आर0ओ0 को समस्त ग्रामों का लॉगिन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

- नल जल मित्र के पंजीकरण जनपद के 1540 ग्राम पंचायतों में किया जाना है वर्तमान तक विकास खण्ड सोरॉव के अन्तर्गत 47 नग की सूची प्राप्त हुयी है, परन्तु प्रधान के प्रमाण पत्र अवशेष है, जिसके लिए डी0पी0आर0ओ0 को समस्त ग्रामों का सूची प्राप्त कराने हेतु निर्देशित किया गया।

10/1/25

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
प्रयागराज।

पृ0सं0 16 /1403 /03 दिनांक 02/01/25

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1—मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
2—अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3—अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,प्रयागराज।
4—महाप्रबन्धक, जलकल नगर निगम, प्रयागराज।
5—जिला पंचायतराज अधिकारी, प्रयागराज।
6—अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड—प्रथम / द्वितीय, जार्ज टाउन / हण्डिया / फाफामऊ / मेजा, प्रयागराज।
7—अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
8—अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
9—जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
10—प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।
11—प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।
12—प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।
13— प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा प्रा0 लि0, प्रयागराज।
14—टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।

जिलाधिकारी
प्रयागराज।

Scanned with OKEN Scanner